# गतिविधियाँ

- गतिविधियाँ
  - नियमित गतिविधियाँ (शासन के वार्षिक कैलेंडर अनुसार)
  - विशेष गतिविधियाँ (महाविद्यालय स्तर पर आयोजित)

# गतिविधियाँ

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा,
स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना,
तृतीय तल, कक्ष क. 01, सतपुड़ा भवन, भोपाल
Pin- 462004 e-mail: hesvcgs@mp.gov.in

**मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के लिए**

**शैक्षणिक सत्र 2017–18 के लिए निर्धारित कॅरियर कार्यक्रम कैलेंडर**

**माह जुलाई 2017**

आरंभिक एवं शुन्य कक्षाओं मे विद्यार्थियों को जीवन में कॅरियर नियोजन के महत्व, एवं इसके आयाम र परिचित करवाने हेतु व्याख्यानों का आयोजन किया जाये इस हेतु महाविद्यालयीन प्राध्यापको के साथ ह अपलब्धता अनुसार बाहय विशेषज्ञों की सहायता ली जा सकती है साथ ही महाविद्यालय व प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों के मध्यम से कक्षावार विद्यार्थियों को स्वॉट विश्लेषण का अभ्यास करवाय जायें।

विद्यार्थियों को म.प्र. शासन एंव भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे कौशल विकास कार्यकम क जानकारी के साथ साथ मान. प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया, **स्किल इंडिया, उद्यमिता विकास** कार्यकमो की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाये ।

**माह अगस्त 2017**

संकायवार, अलग–अलग संकाय के विद्यार्थियों को कॅरियर के प्रति जागरूक बनाने हेतु प्रेरणात्म व्याख्यानों का आयोजन किया जाए तथा विशेषज्ञों की सहायता से प्रत्येक संकाय में उपलब्ध कॅरिय अवसरों की सप्ताह के हर शनिवार को अनिवार्यतः जानकारी दी जाए। सही प्रारूप में सी.वी./रेज्युमे बना का अभ्यास, कम्प्यूटर से परिचय, स्वयं की मेल आईडी बनाना तथा अध्ययन एवं सीखने हेतु इंटरनेट क उपयोग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जायें।

विद्यार्थियों में उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न कलाओं का भी विकास किये जाने की आवश्यकत है। अतः बहुत ही संक्षिप्त में नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला, डिजाईनिंग, लेखन आदि का भी परिचय दिय जाना चाहिए। (यदि महाविद्यालय में इनसे संबंधित प्राध्यापक हो या आपके क्षेत्र में ऐसे लेखक, कवि रचनाकार, कलाकार या सेवानिवृत्त व्यक्ति हो तो उनके व्याख्यान करवाए जा सकते है।)

**माह सितम्बर 2017**

रोजगारमूलकता बढाने हेतु तर्कशक्ति प्रशिक्षण, गणितिय अभिक्षमता प्रशिक्षण, शब्द सामर्थ्य (वोकेबलरी डेटा इन्टरप्रिटेशन तथा संप्रेषण कौशल इत्यादि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाये जिससे की केम्पस प्लेसमें के समय एप्टिटयुड टेस्ट में सफल होने का प्रतिशत बढ सकें। विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण अर्जित कर हेतु प्रेरित किया जाये।

स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से प्लेसमेंट बाबद उनकी रूचि, रूझान ए कौशल की जानकारी लिखित में प्राप्त की जाए, और इसका महाविद्यालय में संधारण किया जाए, उक्त जानकारी लेते वक्त जिले, प्रदेश एवं देश में उपलब्ध रोजगार अवसरों, संस्थाओं की प्रोफाईल एवं जॉ प्रोफाईल की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी जाए। विद्यार्थियों द्वारा दी गई उक्त जानकारी के आधार पर ही प्लेसमेंट हेतु स्थानीय एवं बाह्य रोजगार प्रदाताओं को आमंत्रित किया जाए एवं प्लेसमेंट करवाएं जाएं।

विद्यार्थियों द्वारा व्यक्त रूचि व रूझान की जानकारी का संख्यात्मक विश्लेषण कर इसका संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार कर इस कार्यालय को email से 08 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से भेजा जाये ।

**अक्टूबर 2017**

व्यक्तित्व विकास एवं समूह चर्चा (Group Discussion ) की तैयारी, साक्षात्कार की तैयारी, नेतृत्व क्षमता विकास, प्रबंधन एवं औपचारिक पहनावा. के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाये जिससे की एप्टीट्यूड टेस्ट में सफल होकर विद्यार्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हो सके।

व्यावसायिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु संकायवार विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विषय से संबंधित प्रेक्टिकल ट्रेनिंग दी जाए। इस तरह की ट्रेनिंग में भाषण के बजाए प्रेक्टिकल ट्रेनिंग पर संपूर्ण ध्यान दिया जाए। इस प्रकार की ट्रेनिंग हेतु वाणिज्य संकाय में सीए, सीएस, आईसीडब्ल्यूए, टेक्स प्रेक्टिशनर, निवेश सलाहकार वाणिज्यिक कर अधिकारी, आयकर अधिकारी, उद्यमिता विभाग आदि से प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया जा सकता है। इसी तरह विज्ञान संकाय में वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, पैरामेडिकल, प्योर साइंस, के वरिष्ठ/सेवानिवृत्त प्राध्यापकों/विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा सकता है। कला संकाय में व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु पत्रकार, अनुवादक, रेडियो जॉकी, एनजीओ, सिविल सेवा के अधिकारियों, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, एनालिस्टों, मनोवैज्ञानिकों, भूगोल एवं पर्यावरणविदों को आमंत्रित करें जो कि विषय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर सके।

*पर्यटन, पर्यटन प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी रोजगार/स्वरोजगार की असीम संभावनाएं है, अतः सुविधा होने पर इनके व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी तथा* Indian Institute of Forest Management *के पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जाये। भारत सरकार के फैशन टेक्नालॉजी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी की जानकारी भी इच्छुक विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाना चाहिए।*

**माह नवम्बर 2017**

विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में व्याख्यानों का आयोजन किया जाए। जिसमें वस्तुनिष्ठ, लघु एवं दीर्घ प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार दिए जाएं ? किस प्रश्न के उत्तर में कितना लिखा जाए ? कैसा लिखा जाएं ? के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

**माह दिसंबर 2017**

माह दिसंबर में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जोकि स्नातक पूर्ण करने के बाद आयोजित होती है, के संबंध में जानकारी प्रदान की जाये तथा उनकी तैयारी अभी से ही किस प्रकार की जाये , पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाए ।

**माह जनवरी 2018**

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कॅरियर सप्ताह मनाया जाए जिसमें व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाये जिससे की कॅपस प्लेसमेंट/कॅरियर अवसर मेले के दौरान विद्यार्थियों को रोजगार मिलने की संभावनाएँ बढ जायें। निर्देशानुसार चयनित महाविद्यालयों में कॅरियर अवसर मेले का आयोजन भी किया जाए।

# कार्यक्रम


रोजगार एवं स्वरोजगार
कौशल उन्नयन
ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट
कॅरियर अवसर मेला
औद्योगिक भ्रमण
उद्यमिता शिविर
SWOT एनालिसिस
व्यक्तित्व विकास
काउंसलिंग
कार्यक्रम